

# भैंसों से लदा कंटेनर पलटा, 10 बेजुबानों की दर्दनाक मौत

## दो दर्जन से अधिक घायल, बगदरा घाटी के बटोही मोड़ के निकट हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 नवंबर. जिले से होते हुए सीमा पार की ओर जाने वाले कई रास्ते पशु तस्करों के लिए रेशम मार्ग बन चुके हैं. लेकिन इसके बावजूद भी इस तरह के काले करनामे तभी क्यों उजागर होते हैं जब मवेशियों से भरा वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाता है.**

इसे कड़ियों से जुड़ी हुई व्यवस्था की मजबूरी कहा जाए अथवा जानबूझकर आंख मूंद लेने की प्रवत्ति, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस पाशविक कारोबार का खामियाजा आए दिन निरीह बेजुबानों को भुगतना पड़ रहा है.

जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदरा घाटी के बटोही मोड़ के निकट कुछ राहगीरों और स्थानीय लोगों ने एक कंटेनर को पलटे हुए देखा. लेकिन जैसे ही लोगों ने पास जाकर देखा तो वहां की खौफनाक स्थिति देखकर उनका कलेजा मुंह को आ गया. पलटे हुए कंटेनर में एक ओर जहां कुछ भैंसों की दर्दनाक मौत हो चुकी थी. वहीं दूसरी ओर कई भैंसें बुरी तरह घायल होकर बुरी तरह से कराह रही थीं. जबकि चालक अथवा परिचालक सहित अन्य कोई भी व्यक्ति उक्त कंटेनर के आस पास मौजूद नहीं था. घटना की गंभीरता को देखते हुए चित्रकूट थाना प्रभारी डी अबार शर्मा और एसडीओपी चित्रकूट राजेश सिंह बंजारे को सूचना दे दी गई. पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीओपी और थाना प्रभारी द्वारा कंटेनर में पफंसी भैंसों को स्थानीय लोगों के सहयोग से बाहर निकलवाया गया.

बताया गया कि कंटेनर में 57 भैंसें लोड थीं. जिसमें से 10 ने दम तोड़ दिया था. कंटेनर के अंदर जिस तरीके से बांस की बल्लियां और रॉड लगाकर भैंसों को जकड़ा गया था उससे क्रूरता की सारी हदें पार होती नजर आ रही थीं. पुलिस द्वारा ट्रक को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच शुरु कर दी गई है. प्रारंभिक जांच में मामला पशु तस्करी से जुड़ा बताया गया.



### ढाई घंटे बाद जागी पुलिस

स्थानीय रहवासियों के अनुसार दुर्घटना भोर के समय लगभग 4 बजे हुई थी. लेकिन पुलिस को वहां तक पहुंचने में तकरीबन साढ़े 6 बज गए. इतना ही नहीं बल्कि दुर्घटना के चलते बुरी तरह घायल भैंसों के उपचार के लिए किसी पशु चिकित्सक को भी मौके पर बुलाने की जहमत नहीं उठाई गई .जिसे देखते हुए स्थानीय रहवासियों के बीच आक्रोश पनपने लगा. लोगों ने मांग की कि न सिर्फ इस मामले में फरार चालक और व्यापारी को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाए बल्कि पशु तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच करते हुए उसे समाप्त किया जाए.

### आधा दर्जन से अधिक वाहन निकले

स्थानीय रहवासियों की मानें तो बरौंधा, हनुमान धारा बाईपास, गुप्त गोदावरी बाईपास, पिण्डरा रोड और सेमरिया मार्ग जैसे अन्य रास्ते पशु तस्करों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय हैं. पशुओं से लदे वाहन चाहे शहडोल से आएं अथवा जबलपुर की ओर से, सभी इन्ही रास्तों से होकर सीमा पार करते हैं. ऐसा भी नहीं है कि संबंधित थानों की पुलिस को इन मामलों की जानकारी नहीं होती. लेकिन व्यवस्थागत कड़ियां कुछ इस तरह से जुड़ी हुई होती हैं कि थाना स्तर पर सक्रिय दलालों द्वारा पहले से ही वाहनों की जानकारी साझा कर दी जाती है. इस अघोषित समझौते की वजह से पशुओं से लदे वाहन बेरोकटोक बार्डर पार चले जाते हैं. साथ ही यह जानकारी भी सामने आई कि मंगलवार-बुधवार कर दरमियानी रात पशुओं से लदे आधा दर्जन से अधिक वाहनों ने बार्डर पार किया. यह सब कुछ गुपचुप तरीके से हो गया होता यदि एक कंटेनर बटोही मोड़ के पास नहीं पलटता.

# सप्लायर के पास मिली महज 15 कफ सीरप

- रेत में 286 शीशी नशीली दवा छिपाने का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना 5 नवंबर. नशे के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के अंतर्गत 3 दिन पहले रेत के टीले में दबी 286 शीशी नशीली दवा की खेप पकड़ी गई थी. लेकिन यह नेटवर्क तब फ्लॉप साबित होता नजर आया जब पकड़े गए आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने सप्लॉयर को दबोचा. सप्लॉयर के पास से पुलिस को कफ सीरप की महज 15 शीशियां ही मिल सहीं.**



पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत मैहर जिले के ताला थाना पुलिस द्वारा 2 नवंबर को बड़ी कार्रवाई की गई थी. सनेही ग्राम निवासी नंद किशोर उर्फ छोटे भइया पटेल ने अपने घर के सामने रेत के टीले में दो बोरियों में भरकर 286 शीशी नशीली कफ सीरप का स्टॉक करके रखा गया था. लोगों को चकमा देने के लिए उसने रेत के टीले के ऊपर लौकी की बेल चढ़ा दी थी. लेकिन सटीक सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जेसीबी की मदद से रेत को फैलाना शुरु किया तो दो बोरियों में भरी कफ सीरप सामने आ गई. इस मामले में आरोपी नंद किशोर उर्फ छोटे भईया को गिरफ्तार करने के बाद जब पुलिस ने पूछताछ की तो सप्लायर की जानकारी सामने आई. नंद किशोर ने पुलिस को बताया कि यह नशीली दवा उसने उसी गांव के निवासी महेंद्र पटेल उर्फ बाबा उम्र 51 वर्ष सहित अन्य लोगों से खरीदी थी. जिसे देखते हुए पुलिस ने बिना देर किए आरोपी महेंद्र उर्फ बाबा को गिरफ्तार कर लिया.

# ढाबे में मिला 890 लीटर पेट्रोल-डीजल का जखीरा

## पांच ड्रमों में स्टॉक करने के साथ ही बोतलों में रखे थे सैंपल

नवभारत न्यूज

**सतना 5 नवंबर. मैहर जिले के अमदरा थाने की पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए ढाबे में रखा 890 लीटर पेट्रोल-डीजल का जखीरा जब्त कर लिया. ढाबे के अंदर 5 ड्रमों में स्टॉक करने के साथ ही बोतलों में सैंपल रखे मिले. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपी ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया.**



थाना प्रभारी अमदरा के पी त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी. जिसके चलते पुलिस टीम ने गौरीशंकर ढाबे में दबिश दी. ढाबे के अंदर की ओर स्थित कमरे की जांच करने पर नीले रंग के प्लास्टिक के ड्रम रखे मिले. जांच करने पर 3 ड्रमों में पूरी तरह भरा डीजल पाया गया. जबकि एक ड्रम डीजल से आधा भरा हुआ था. इसी कड़ी में एक ड्रम पूरा भरा हुआ दूसरा ड्रम आधा भरा पेट्रोल पाया गया. इसके साथ ही आधा, एक और दो लीटर की प्लास्टिक की बोतलों में भी पेट्रोल भरा पाया गया. इसके साथ ही वहां पर प्लास्टिक की पाइप और कुप्पी जैसा सामान भी रखा मिला. जिससे स्पष्ट हो रहा था कि ढाबा संचालक द्वारा अवैध तौर पर पेट्रोल डीजल का स्टॉक रखते हुए उसका व्यापार किया जा रहा है. हलांकि ढाबा संचालक ने यह बताते हुए बचने का प्रयास किया कि स्वयं के उपयोग के लिए उसने यह पेट्रोल-डीजल रखा हुआ है. लेकिन जब पुलिस टीम ने आईना दिखाया तो उसकी बोलती बंद हो गई. जिसके चलते पुलिस द्वारा ढाबा संचालकरविसन केशरी पिता राजेंद्र उम्र 42 वर्ष निवासी घुनवारा के विरुद्ध ईसी एक्ट व बीएनएस की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया. वहीं पुलिस द्वारा कुण्डली खंगालने पर मालुम हुआ कि ढाबा संचालक अवैध तौर पर पेट्रोल-डीजल की बिक्री करने आ अदतन आरोपी है.

# राष्ट्रगान की 150वीं वर्षगांठ मनाने भाजपा ने तय किया कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 नवम्बर. बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा लिखित राष्ट्रगान वन्देमातरम् के डेढ सौ वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश स्तर पर कई स्तरों पर कार्यक्रमों का आयोजन करेगी. इसके लिए पार्टी ने विस्तृत कार्यक्रम तय किया है.जिसकी जानकारी बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय महापौर योगेश ताम्रकार और पूर्व जिलाध्यक्ष नारेन्द्र त्रिपाठी ने दी.**




भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में श्री पाण्डेय ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल गीत नहीं, यह भारत की आत्मा का स्वर है। यही गीत हमारी राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने बताया कि यह गीत आज़ादी के आंदोलन के दौरान हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित करने वाला था। आज जब इसके 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, यह हम सबके लिए गर्व और संकल्प का क्षण है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए हम इस गीत के भाव को जन-जन तक पहुँचाएँ। उन्होंने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा जिलेभर में वन्दे मातरम् 150 वर्ष गौरव यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों और जनसभाओं में वन्दे मातरम् गीत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति के महत्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री पाण्डेय ने कहा कि वन्दे मातरम् वह सूत्र है जिसने भारत की एकता को सशक्त किया।


आज की पीढ़ी को इस गीत के भावार्थ से जोड़ना हमारा दायित्व है। यह गौरव यात्रा 7 नवम्बर से 26 नवम्बर (संविधान दिवस) तक चलेगी। इस दौरान विद्यालयों व महाविद्यालयों में निबंध, चित्रकला एवं वन्दे मातरम् गायन प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी।

# एसडीपी मशीन नहीं स्टाल होने पर बढ़ी परेशानियां

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 नवम्बर. जिले के सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय में अब तक सिंगल डोनर प्लेटलेट्स मशीन की स्थापना नहीं की गई है, जबकि इसकी आवश्यकता वर्षों से महसूस की जा रही है।**

इस मुद्दे को विमला समिति, सतना के संस्थापक एवं अध्यक्ष इंजी. आकाश गुप्ता ने 5 नवंबर 2022 को सार्वजनिक रूप से उठाया था। तीन साल बीत जाने के बावजूद आज भी अस्पताल में यह मशीन उपलब्ध नहीं है। इंजी. गुप्ता



ने कहा कि डेंगू और अन्य रक्त संबंधी बीमारियों के मरीजों को एसडीपी मशीन की सुविधा न होने के कारण रीवा या जबलपुर जाना पड़ता है। कई बार मरीजों की हालत इतनी गंभीर होती है कि वे रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन, ष्टरू।।ह सतना और मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग को तुरंत संज्ञान लेकर जिला अस्पताल में स्ष्ठक्क मशीन की स्थापना करनी चाहिए। स्थानीय सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि सतना जैसे बड़े जिले में यह सुविधा न होना स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी कमी को दर्शाता है। क्या है एसडीपी मशीन एक आधुनिक रक्त-प्रसंस्करण उपकरण है, जो एक ही डोनर से अधिक मात्रा में प्लेटलेट्स निकालने की सुविधा देता है।

# एकेएस माइनिंग विद्यार्थियों की आईएमएमई प्रदर्शनी-2025 में सहभागिता

नवभारत न्यूज

**सतना, 05 नवम्बर. विश्व स्तर पर खनन, खनिज एवं मशीनरी उद्योग की नवीनतम प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने वाली अंतर्राष्ट्रीय खनन एवं मशीनरी प्रदर्शनी का भव्य आयोजन कोलकाता के बिश्वा बांग्ला मेला प्रांगण एवं साइंस सिटी ग्राउंड में संपन्न हुआ।**



यह दो दिवसीय आयोजन खनन क्षेत्र की तकनीकी प्रगति, हरित खनन डिजिटलीकरण, संसाधन दक्षता तथा ईएसजी ढाँचे पर केंद्रित रहा इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी में 34 देशों के 700 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जबकि लगभग 34,000 व्यापारिक आगंतुकों और 20 से अधिक देशों के 1,000 प्रतिनिधियों ने इसमें सहभागिता की। यह आयोजन खनन उद्योग में नई तकनीकों, उपकरणों और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।एकेएस विश्वविद्यालय माइनिंग के विद्यार्थियों ने सहायक प्राध्यापक आकाश गुप्ता के नेतृत्व में इस प्रदर्शनी का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर खनन मशीनरी के नवीनतम मॉडलों, स्वचालन खनिज प्रसंस्करण तकनीकों और डिजिटल माइनिंग समाधानों के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की।

# दावा-आपत्ति निराकरण जिला स्तरीय समिति की बैठक आज

नवभारत न्यूज

**सतना 05 नवम्बर. सतना जिले अंतर्गत बाल विकास परियोजनाओं के आंगनवाडी केन्द्रों में रिक्त आंगवाडी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भर्ती के लिए एमपी आनलाइन के माध्यम से आवेदन प्राप्त किये गये थे।**

प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत विकासखण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा अंनतिम सूची का प्रकाशन आनलाइन किया गया है। अनंतिम सूची के विरूद्ध आवेदिकाओं से प्राप्त दावा-आपत्तिओं का निराकरण किये जाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजीव सिंह ने बताया कि 6 नवम्बर को दोपहर 1.30 बजे जिला पंचायत सभागार में परियोजना सोहावल की बैठक आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 7 नवम्बर को उचेहरा, चित्रकूट-1 तथा 11 नवम्बर को नागौद-1 परियोजना की दोपहर 1.30 बजे जिला पंचायत सभागार में समिति की बैठक आयोजित होगी। अंतिम सूची के विरूद्ध दावा-आपत्ति करने वाली सभी आवेदिकायें संबंधित साक्ष प्रमाण सहित समिति की बैठक में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। जिससे नियमानुसार दावा-आपत्तियों पर निर्णय लिया जा सके।

### यूनिटी मार्च : सांसद नागौद विस में कल निकालेंगे पदयात्रा

**सतना, 5 नवम्बर.** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इस मार्च का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। पदयात्रा का उद्देश्य सरदार पटेल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इसी कड़ी में सांसद गणेश सिंह द्वारा विधानसभा नागौद में 7 नवंबर शुक्रवार को पदयात्रा निकाली जाएगी।

# गुरु नानक देव जी का मनाया गया 556 वां प्रकाश पर्व

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 नवम्बर. कल तारन गुरु नानक आया कलयुग के अवतार विश्व शांति, एकता एवं दयामय जीवन के संदेशवाहक श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 556 वां पावन प्रकाश पर्व आज मनाया गया।**

समस्त नगर वासियों को यह जानकर प्रसन्नता होगी कि बेदिकूल के दीपक सिख धर्म के प्रवक्ता , एक महान संत कवि ,समाज सुधारक ,विश्व बंधुत्व करुणा के भंडार एवं ईश्वर स्वरूप श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 556 वां प्रकाश उत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ वह आप सब के सहयोग के साथ श्री गुरुद्वारा नानक दरबार सिटी कोतवाली के पीछे आज दिनांक 05 नवंबर 2025 दिन बुधवार को मनाया गया इस उपलक्ष में रखे गए अखंड पाठ साहब जो कि दिनांक 24.09.25 से प्रारंभ थे जिसका समापन प्रात: 9 बजे हुआ 9 से लेकर 9.30 बजे तक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की आरती हुई इसके उपरांत सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया जिसमें अमृतसर से पधारे हुए ज्ञानी सुखप्रीत सिंह जी साज का जत्था स्त्री सत्संग जत्था एवं गुरु घर के वजीर ज्ञानी सिंह के जत्थे द्वारा संगत को गुरबाणी कीर्तन से वह मधुर कथा से संगत को निहाल किया उसके पश्चात दोपहर 2 बजे अरदास करके विशेष दीवान की समाप्ति की जाएगी वह गुरु का अटूट लंगर (भडांरा) वितरित किया जिसमें समाज के अलावा अन्य लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया।



## एक नजर में



### बेटी के विवाह की दी गई सामग्री

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था इनरव्हील क्लब ऑफ सतना की प्रेसिडेंट सुनीता गुप्ता,सेकेट्री पूर्णिमा गर्ग के नेतृत्व में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस में निर्धन कन्या वैष्णवी वर्मा को धवारी स्थित शिव ज्योति किड्स स्कूल में विवाह की सामग्री प्रदान की गई जिसमें सभी के सहयोग से विवाह संबंधी आवश्यक सामग्री एकत्रित हो गई थी। कार्यक्रम में पूर्व प्रेसिडेंट उमा मिश्रा,विनीता अग्रवाल,वर्षा कटारे,कोषाध्यक्ष शिखा खंताल, एडिटर ममता श्रवण अग्रवाल के साथ मंजुला सिंह, जया गुप्ता,अनीता गुप्ता सविता त्रिपाठी,मितुलिका दास, सारिका अग्रवाल,संगीता अग्रवाल एवं अन्य बहनों का यथेष्ठ सहयोग रहा।

### गुरुनानक जयंती पर निकाली गईं भव्य शोभायात्राएं

**सतना ।** बाबा श्यामदास दरबार साहिब से श्री गुरुनानक देव जी जयंती पर आज गाजे बाजे के साथ शिव परिवार संग भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो सिंधी कॉलोनी के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए दरबार साहिब वापीस पहुंची। बाबा श्यामदास दरबार साहिब जी के दरबार से आज गुरुनानक देव साहिब जी की जयंती पर भाई राजकुमार जग्यासी जी के मार्गदर्शन एवं भाई तरूण जग्यासी निकाली गई भव्य शोभायात्रा का शामनानी परिवार, बजाज परिवार, आवतवानी परिवार, तीर्थवानी परिवार, खेमचंदानी परिवार, गेलानी परिवार, खटवानी परिवार सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में सबसे पहले गुरूग्रंथ साहिब की सवारी के संग शिव परिवार की विशाल जीवंत झांकी सजाई गई थी जो शोभायात्रा के विशेष आकर्षण का केंद्र थी।

### सरदार पटेल का जयंती समारोह आज

**सतना।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती ( राष्ट्रीय एकता सप्ताह) समारोह एवं चेतना स्मारिका विमोचन गुरुवार 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे सरदार पटेल भवन उतैली सतना में आयोजित होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी होंगी, अध्यक्षता सांसद गणेश सिंह करेंगे, विशिष्ठ अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार, डॉ सत्येंद्र शर्मा, मकसूद अहमद एडवोकेट होंगे। कुर्मवंशी समाज विकास संगठन सतना के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र सिंह एवं सचिव अनुसुइया प्रताप सिंह ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपी किया है।

### रामेश्वरम-मदुरई की तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 9 तक

**सतना.** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 23 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रामेश्वरम-मदुरई तीर्थदर्शन की यात्रा प्रस्तावित है। यह यात्रा 23 नवम्बर को प्रस्थान कर 29 नवम्बर को रामेश्वर से वापस लौटेगी। तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्रों का परीक्षण 10 नवम्बर को सायं 4 बजे तक किया जायेगा। योजनांतर्गत आवेदन पत्र निकटतम तहसील, स्थानीय नगरीय निकाय एवं जनपद कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है।

# देशी धान की 200 किस्में किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत : डॉ .सतीश

## पिथौराबाद में कृषि प्रक्षेत्र दिवस पर जुटे किसान,कृषि उपकरण संग्रहालय भी देखा

नवभारत न्यूज

**सतना 05 नवम्बर. जिले में आम, केला जैसे फलों और अनाजों की किस्में तो देखने को मिलती हैं। लेकिन जिस तरह यहां 200 से अधिक धान की परंपरागत किस्में संरक्षित हैं। वह क्षेत्र के किसानों के लिए ही नहीं कृषि वैज्ञानिकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं।**



यह बात सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने पिथौराबाद में बुधवार को आयोजित जैव विविधता कृषि प्रक्षेत्र दिवस को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने किसानों से कहा कि वे परंपरागत अनाजों का उत्पादन कर कम लागत में अधिक लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों को परंपरागत अनाज के विस्तार एवं प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। जैव विविधता प्रबंधन समिति और सर्जना सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच पिथौराबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान कृषि वैज्ञानिक कृषि विभाग के अधिकारी जनपद के अधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने परंपरागत अनाज, सब्जी आदि को बचाए रखने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों का विस्तार से उल्लेख करते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, उचेहरा एसडीएम सुमेश द्विवेदी ने कृषि उपकरण संग्रहालय, बीज बैंक के निर्माण तथा 200 प्रकार की धानों परंपरागत बीज संरक्षण को लेकर श्री दाहिया द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इन कार्यों के विस्तार पर जोर दिया। परंपरागत खेती को किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। इस अवसर पर कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक डॉ. सदाचारी सिंह तोमर सेवानिवृत, अपर संचालक कृषि आरएस चर्मकार, सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, जगदीश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य प्रताप सिंह व आभार प्रदर्शन सर्जना सचिव डॉ. बसंत तिवारी ने किया।

### एक साथ 200 प्रकार की धानों को देख हुए अचंभित

इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस सहित अन्य अधिकारियों ने खेत में पहुंचकर वहां लगी 200 प्रकार की दुर्लभ परम्परागत धान की अलग-अलग किस्मों को देख अचंभित रहे। इसके अलावा बीज बैंक व कृषि आश्रित समाज के दुर्लभ कृषि यंत्रों के संग्रहालय का भी अवलोकन किया।